wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-78 सागवाड़ा, मंगलवार, 16 नवम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह

**डूंगरपुर।** जिले में शिक्षा विभाग की ओर से डाईट में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा रहे। वही समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अमृतलाल कलाल, डाईट प्राचार्य इन्द्रा लट्टा भी शामिल हुए। समारोह में मुख्य अतिथि गणेश घोघरा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक गणेश घोघरा ने समारोह को संबोधित किया। अपने संबोधन में घोघरा ने शिक्षको को सामाजिक समरसता बनाने में महती भूमिका अदा करने का आव्हान किया। वही इस मौके पर उन्होंने सम्मानित होने वाले शिक्षको को बधाई दी।

## 19 को कनबा में सीएम गहलोत की सभा की तैयारियों का जायजा लिया

**डूंगरपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 19 नवम्बर को डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। जहा वे बिछीवाडा पंचायत समिति की कनबा पंचायत में प्रशासन गांवों के संग शिविर में भाग लेंगे। सीएम गहलोत के दौरे की तैयारियों को लेकर आज कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने बताया की सीएम अशोक गहलोत 19 नवम्बर को दोपहर 2 बजे हेलिकॉप्टर से कनबा पहुंचेंगे जहा वे प्रशासन गांवों के संग शिविर में भाग लेंगे और एक आम सभा को संबोधित करेंगे। सीएम के दौरे को लेकर उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारियों को व्यवस्थाये सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इधर बैठक में कांग्रेस के सदस्यता अभियान को लेकर भी चर्चा की गई।

## गहलोत मंत्रियों के इस्तीफे होंगे फिर कैबिनेट विस्तार

**जयपुर।** राजस्थान में मंत्रिमंडल फेरबदल का काउंटडाउन शुरू हो गया है। इसी सप्ताह में गहलोत मंत्रिमंडल में फेरबदल होने के आसार हैं। सभी मंत्रियों से इस्तीफे लेकर नए सिरे से मंत्रिमंडल बनाने की संभावना है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पहली बार इसके साफ संकेत दिए हैं। सचिवालय कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जल्द शपथ ग्रहण समारोह होने की संभावना जताई है। गहलोत ने कहा- आज इस सुकून भरे शपथ ग्रहण समारोह का शगुन इतना शानदार होगा कि हमारे सरकार के मंत्रिमंडल का पुनर्गठन है, वह भी अब जल्द होगा। लगता है कि आपके कारण ही रुका हुआ था। आप पहले करवा देते तो हमारा मंत्रिमंडल पहले ही पुनर्गठित हो जाता। आप अंदाजा लगा लीजिए, आपके सचिवालय कर्मचारी संघ के शगुन को मैं किस रूप में मानता ?हूं। यह आप समझ जाइएगा। इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि अब कोई देरी नहीं होगी। जल्द ही हमारा शपथ ग्रहण समारोह पूरा होगा। गहलोत ने 11 नवंबर को सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद दिल्ली में कहा था हाईकमान चाहेगा तब मंत्रिमंडल विस्तार होगा। थोड़ा सब्र रखिए। दिल्ली दौरे के दौरान सीएम अशोक गहलोत ने 10 नवंबर को राहुल गांधी के आवास पर प्रियंका गांधी, प्रभारी केसी वेणुगोपाल, प्रभारी अजय माकन के साथ लंबी मंत्रणा की थी।

# लोहारिया तालाब में बनी नहर का सीपेज सुधारा जाएगा, बरसाती पानी तालाब में डालने चेनल बनेगी

## नहर मरम्मत कार्य पर खर्च होंगे ढाई करोड़ रुपए, पालिकाध्यक्ष और अधिकारियों ने किया मौके का निरीक्षण




**सागवाड़ा।** सागवाड़ा शहर के लोहारिया तालाब के पास से गुजर रही भीखा भाई माही नहर का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। जिससे नहर में सीपेज सुधारा जाएगा। साथ ही बरसाती पानी तालाब में जा सके इसके लिए चेनल बनाया जाएगा। ठेकेदार को वर्क आडर जारी कर दिये गए है और मौके पर काम शुरू कर दिया गया है।

भीखा भाई माही नहर के सुदृढ़ीकरण को लेकर सीएम अशोक गहलोत ने करीब ढाई करोड़ करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की है। लोहारिया तालाब के पास नहर निर्माण में तकनीक खामिया थी जिसके चलते तालाब को नुकसान हो रहा था। शहरवासियो ने तकनीक खामी सुधारने के लिए कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया को ज्ञापन सौंपा था। खोडनिया की पहल पर ही सीएम अशोक गहलोत ने बजट में नहर सुदृढ़ीकरण की घोषणा की थी। पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि लोहारिया तालाब में नहर सीपेज को बंद करने, नहर के दाई तरफ के वर्षा जल को नहर में जाने से रोकने चेलन बनाकर तालाब में डालने और प्रोटेक्शन वाल का शोर्टक्रिंटिंग कार्य किया जाएगा। इस कार्य के टेंडर हो गए है और वर्क आडर जारी कर दिये गए है।

यह कार्य 2 साल में पूरा कर लिया जाएगा। मंगलवार को पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, उपाध्यक्ष राजुमामा शेख, पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल, पार्षद इंद्रजीत मकवाणा और विमल कलासुआ मौके पर पहुंचे और तकनीकी जानकारी ली। खोडनिया ने बताया कि लोहारिया तालाब की स्थिति को देख कर पूरा शहर परेशान था। इसे देखते हुए सीएम को समस्या से अवगत कराया गया था।

## मौरडिया भैरव का मैला 18 व 19 अक्टूम्बर




**चीतरी।** देव दीपावली का परम्परागत मौरडिया भैरव का मेला 18 व 19 अक्टूम्बर को भरेगा। मौरडीया भैरव के मंहन्त पंकज मिश्रा ने बताया देव दी वाली का परम्परागत चौदस - पूर्णिमा का दो दिवसीय धार्मिक मैला आगामी गुरुवार व शुक्रवार को आयोजित होगा।

# पेट्रोल-डीजल सस्ता

## आज रात 12 बजे से पेट्रोल 4 रुपए और डीजल 5 रु. लीटर सस्ता मिलेगा

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने मंगलवार आधी रात से पेट्रोल-डीजल की दरों में कमी का फैसला किया है। आज गहलोत मंत्रिपरिषद की बैठक में पेट्रोल में 4 रुपए और डीजल में 5 रुपए प्रति लीटर की कमी का फैसला किया गया।

नई दरें रात 12 बजे से लागू होंगी। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद सीएम अशोक गहलोत ने ट्वीट कर पेट्रोल-डीजल पर वैट कम करने के फैसले की जानकारी दी। कैबिनेट की बैठक से पहले राजस्थान पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन ने सरकार को वैट की दरें कम करने के संबंध में पत्र सौंपा था। इसमें कहा गया है कि सरकार वैट कम करके राज्य को मिलने वाले राजस्व को बढ़ा सकती है। दीवाली से एक दिन पहले केंद्र सरकार की ओर से एक्साइज ड्यूटी में कमी करने से राज्य में डीजल पर 12 रुपए व पेट्रोल पर 6 रुपए से ज्यादा की कमी आ गई है।

## किसान, गरीब व मजदूरों के बच्चों का अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने का सपना साकारः गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। इन स्कूलों के खुलने से गांव-ढाणियों में रहने वाले किसान, गरीब व मजदूरों के बच्चों का अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने का सपना साकार हुआ है। गहलोत मंगलवार को यहां बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह-2021 को मुख्य अतिथि के रूप संबोधित कर रहे थे।

## बेटे ने नही निभाया फर्ज तो बेटियो ने दिया अपनी माँ की अर्थी को कंधा व मुखाग्नि

**डूंगरपुर।** जिले साबली गांव में मंगलवार को कंकू देवी पत्नी स्व पुरामजी प्रजापत की मृत्यु होने पर उनकी दोनो बेटियो ने अपनी माँ की अर्थी को कंधा व मुखाग्नि दी। दो पुत्रियों में सुनिता एवं विनिता ने अपनी माता की पुरी देख-भाल भी की थी लेकिन लम्बी बिमारी के चलते कंकु देवी की मृत्यू हो गई। जिसकी सूचना पुत्र को मिलने पर भी पुत्र का फर्ज नही निभाया। इसलिए बेटियो ने ही मां की अर्थी को कंधा देकर विधि-विधान के साथ मुक्तिधाम तक पंहुचाया यहां पूरे हिंदू संस्कार के साथ 16 नवंबर को अंतिम संस्कार किया गया। जब माता को मुखाग्नि देकर अंतिम



संस्कार किया तो आस-पास के लोग हैरान रह गए, क्योंकि मृतक का पुत्र जिनेन्द्र प्रजापत होते हुए भी बेटी सुनिता एवं विनिता ने मिलकर अंतिम संस्कार की रस्म को अदा किया।

## शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में सीएम का टीचर्स से पूछा सवाल

# तबादले के लिए पैसे खिलाने पड़ते है, शिक्षकों ने कहा- हां

**जयपुर।** राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में सीएम अशोक गहलोत के सामने ही सरकार की पोल खुल गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को खुद ही शिक्षकों के तबादले में पैसों के लेन-देन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा- हम सुनते हैं कि तबादले के लिए कई बार पैसे खिलाने पड़ते हैं। पता नहीं, आप बताइए सही है या नहीं, मुझे नहीं मालूम। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में बैठे शिक्षकों की तरफ से आवाज आई- हां, देने पड़ते हैं। गहलोत ने कहा, क्या यह बात सही है? पैसे देने पड़ते हैं क्या? फिर आवाज आई- हां, देने पड़ते हैं। गहलोत



**राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में सीएम के सामने ही खुली सरकार की पोल, डोटासरा की सफाई, मेरे स्टाफ ने चाय भी पी हो तो बता देना**

बोले- कमाल है। यह बहुत ही दुखदाई बात है कि टीचर्स पैसे देकर ट्रांसफर करवाने को लालायित रहे। गहलोत ने कहा- ट्रांसफर पॉलिसी ऐसी बन जाए, जिससे किसी की हार्ट बर्निंग न हो। शिक्षा मंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने माइक संभाला।

डोटासरा ने कहा- सीएम साहब ने एक बात छेड़ी। मेरे शिक्षा मंत्री रहते मेरे यहां स्टाफ में एक चाय पीने का भी बता देना तो मुझे कह देना। मुख्यमंत्री जी का इशारा था कि कहीं न कहीं जेब कट जाती है। ये सब मेरे और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में ट्रांसफर नीति लागू कर खत्म किया जाएगा।

## 8 नवंबर के बाद कभी भी मंत्रिमंडल का पुनर्गठन, सीएम ने दिये संकेत

**जयपुर।** सचिवालय में कर्मचारी संघ के शपथ समारोह के दौरान सीएम गहलोत ने मंत्रिमंडल का पुनर्गठन के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल का पुनर्गठन जल्द हो जाएगा।गहलोत कल और परसों जिलों के दौरे पर जाएंगे।

ऐसे में माना जा रहा हैं कि 18 नवंबर के बाद कभी भी मंत्रिमंडल का पुनर्गठन कर दिया जाएगा। गहलोत ने कहा कि कोरोना के चलते इस बारे में देरी हो रही थी लेकिन अब इसको लेकर जल्द ही सूचना देंगे। गहलोत ने कहा कि संघ के शपथ समारोह में कहा कि लगता हैं कि हमारा मंत्रिमंडल भी अब जल्द ही पुनर्गठित हो जाएगा।

ये भी लगता हैं कि आप ही के कारण ये भी रूका हुआ था। अब जल्दी ही हमारा भी शपथ समारोह होगा।

## पाडवा पारगी गांव में दबिश देकर गीली लकड़ी तस्करी के खिलाफ कार्रवाई

**सागवाड़ा।**

जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने बीती रात सागवाडा थाना क्षेत्र के पाडवा पारगी गांव में दबिश देकर गीली लकड़ी तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। डीएसटी ने मौके से लकड़ियों से भरा ट्रक व क्रेन जब्त की है। वही ट्रक व क्रेन चालक मौके से फरार हो गए। डीएसटी प्रभारी दिलीपदान ने बताया की मुखबिर जरिये सूचना मिली कि सागवाडा थाना क्षेत्र के पाडवा पारगी गांव में हरे-भरे पेड़ो को काटकर गुजरात तस्करी की जा रही है।

सूचना पर डीएसटी के हैड कांस्टेबल नवीन के नेतृत्व में टीम ने मौके पर जाकर दबीश दी। इस दौरान डीएसटी ने मौके से गीली लकड़ियों से भरा एक ट्रक, एक क्रेन ओर मौके से भारी मात्रा में लकड़ियां जब्त की। इधर ट्रक व क्रेन चालक मौके से फरार हो गए। वही कार्रवाई के बाद डीएसटी ने ट्रक व क्रेन ओर लकड़ियों को सागवाडा थाना पुलिस के सुपुर्द किया है। वही मामले की जानकारी वन विभाग को दी है।

# अवैध खनिजों का परिवहन करते दो डंपर पकड़े

## सागवाडा थाना क्षेत्र के सेलोता में डंपर में क्वार्ट्ज पत्थर भरे हुए थे

**डूंगरपुर।** जिले के खनिज विभाग ने अवैध से खनिजों का परिवहन करते दो डंपर को पकड़ा है। वही चालको को हिरासत में लिया है। खनिज अनुदेशक जितेंद्र सिंह ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान सदर थाना क्षेत्र के सरकन में अवैध से एक डंपर में मेशनरी स्टोन का परिवहन किया जा रहा था।उसे रुकवाकर चालक से परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे तो चालक के पास कोई दस्तावेज नही थे जिस पर उसे जब्त किया गया। वही दूसरी कार्रवाई सागवाडा थाना क्षेत्र के सेलोता में की गई जहां पर एक डंपर को रुकवाकर तलाशी ली गई तो उसमें क्वार्ट्ज पत्थर भरे हुए थे । चालक के पास परिवहन संबंधी दस्तावेज नही होने पर डंपर जब्त किया। जितेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों डंपर को संबंधित थानों में रखवाया गया है। वही विभाग द्वारा अब नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा।

## अवैध शराब से भरे एक मिनी ट्रक पकड़ा, 20 लाख की अवैध शराब बरामद

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाने की रतनपुर पुलिस चोकी ने अल सुबह अवैध शराब से भरे एक मिनी ट्रक को पकड़ा है। मामले में पुलिस ने करीब 20 लाख की अवैध शराब बरामद करते हुए ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है।

बिछीवाडा थानाधिकारी रंजित सिंह ने बताया की मुखबिर के जरिये राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर से शराब तस्करी की सुचना मिली थी। जिस पर रतनपुर पुलिस चोकी की ओर से रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी की गई। इस दौरान एक मिनी ट्रक को रोककर तलाश ली गई तो ट्रक में चावल की खील के कट्टों की आड़ में एक स्पेशल बोक्स में अवैध शराब छिपा कर रखी हुई थी।

जिस पर पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया वही ट्रक से 280 कार्टन अवैध शराब के बरामद किये।

## परिवहन विभाग के 4 नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण

# सड़क दुर्घटनाएं रोकना हमारी मुख्य प्राथमिकता : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश में प्रतिवर्ष हजारों लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं। सड़क हादसों में मरने वालों के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है, उनके बच्चे अनाथ हो जाते हैं। ऐसे में, हर व्यक्ति की जान को कीमती मानते हुए सड़क दुर्घटनाएं रोकना राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रादेशिक परिवहन अधिकारी कार्यालय जोधपुर सहित बालोतरा, शाहपुरा एवं भिवाड़ी में जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय के नवनिर्मित भवनों के लोकार्पण कार्यक्रम को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की जान बचाना और उसका इलाज कराना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' में 5 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में अस्पताल किसी भी घायल का इलाज करने में कोताही नहीं बरतें। दुर्घटना का शिकार व्यक्ति यदि दूसरे राज्य का हो तो भी अस्पताल में उसके इलाज का पूरा खर्च



वहन करने के साथ ही उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार उठाएगी। गहलोत ने कहा कि दुर्घटना स्थल के सबसे नजदीकी अस्पताल में घायलों को इलाज उपलब्ध कराया जाए। कोई भी अस्पताल सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का इलाज करने से मना करे अथवा इलाज में देरी से घायल व्यक्ति की मौत हो जाए तो सम्बन्धित अस्पताल का लाइसेंस निरस्त किया जाए। उन्होंने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले राहगिरों को 5 हजार रूपए नकद प्रोत्साहन राशि देने के लिए शुरू की गई 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षक योजना' को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट एवं लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ड्राइविंग टेस्ट लिए बगैर लाइसेंस जारी नहीं हो। उन्होंने ड्राइविंग टेस्ट के लिए अच्छे ट्रेक बनाने और प्राइवेट फिटनेस सेंटर्स की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। गहलोत ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक राष्ट्रीय मु है। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने भी इस दिशा में काफी कदम उठाए हैं। उनका अध्ययन कर सड़क दुर्घटनाएं रोकने के प्रभावी उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग, पुलिस एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित सड़क सुरक्षा से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओं को साथ मिलकर ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नियमों की कड़ाई से पालना कराएं।